Directorate of Skill Development & Industrial Training, Haryana
Plot No. : IP-2, Kaushal Bhawan, Sector-3, Panchkula, Haryana
0172-5229202 Email id : adt5.dith@gmail.com

केवल ई–मेल के माध्यम द्वारा

सेवा में,

1. सभी प्रधानाचार्य / वर्ग अनुदेशक इन्चार्ज,
   राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, हरियाणा राज्य में।

2. सभी प्रधानाचार्य / वर्ग अनुदेशक इन्चार्ज,
   (महिला) राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, हरियाणा राज्य में।

यादि कं0:टी–1 / Trg./ Admission/2023-24/ 12668 दिनांक 23/6/23

विषयः– सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2023–24 का दाखिला कार्यक्रम एवं दाखिला संबंधी हिदायतें।

****

उपरोक्त विषय के संदर्भ में ।

1. सभी राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2023–24 के दाखिला हेतू ऑनलाईन पोर्टल पर आवेदन पत्र दिनांक 25.06.2023 तक भरे जाएगें। आपको दाखिला काउंसलिंग कार्यक्रम का पूर्ण विवरण भेजते हुए निर्देश दिये जाते है कि इसे संस्थान के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित करें तथा संस्थान की वैबसाईट पर भी अपलोड करे। इस बारे में स्थानीय समाचार पत्रों के माध्यम से प्रैस नोट जारी करवाएं व व्यापक प्रचार–प्रसार करें।

2. संस्थान की तरफ से सिर्फ अधिकृत अधिकारी / कर्मचारी ही तथ्यों के आधार पर आवश्यकता होने पर ही प्रैस रिलीज जारी करें और प्रैस का उपयोग अधिक से अधिक दाखिला हेतू प्रार्थियों को प्रेरित करने हेतु करें।

3. दाखिला सुचारु रुप से करवाने हेतु सलंग्न दिशा–निर्देशों की दृढता से पालना करना सुनिश्चित करें।

सलंग्नः– दाखिला कार्यक्रम एवं
हिदायतें।

23/6/23

सहायक निदेशक (प्रशिक्षण–5)
कृतेः निदेशक, कौशल विकास एंव औद्योगिक प्रशिक्षण
विभाग, हरियाणा।

**Endst. No. T-1/Admission/2023-24/** 12669 **Dated:-** 23/6/23

उपरोक्त की एक प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आगामी कार्यवाही हेतू भेजी जाती हैः–

1. नोडल अधिकारी वैबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
2. सहायक निदेशक (प्राइवेट आई0टी0आईज) को सूचनार्थ एवं प्राईवेट आई0टी0आईज को प्रेषित करने हेतु।
3. **NIC, Haryana for uploading it on Admission Portal.**

23/6/23

सहायक निदेशक (प्रशिक्षण–5)
कृतेः निदेशक, कौशल विकास एंव औद्योगिक प्रशिक्षण
विभाग, हरियाणा।

# Skill Development & Industrial Training, Haryana

## ITI Admission Schedule for Session 2023-24

| Counseling Round | Activity | Dates |
|---|---|---|
| | Inviting application forms | 08th June to 21th June 2023 (1st Phase) |
| | | 22th June to 25st June (2nd Phase) |
| 1 st | Merit cum seat allotment (Ist counseling round) | 28th June |
| | *Physical Verification of documents of admitted trainees at ITI Level | 28th June to 1st July |
| | Fee Deposit (After successfully verification fee link is open)/ Seat Allotment | 28th June to 2nd July |
| 2nd | Display of vacant seats for 2nd Round | 3rd July |
| | Opening of Portal for revision of options/preferences by candidates | 3rd July to 4th July |
| | Merit cum seat allotment (2nd Round) | 7th July |
| | *Physical Verification of Documents of admitted trainees at ITI Level | 7th July to 11th July |
| | Fee Deposit (After successfully verification fee link is open)/ Seat allotment | 7th July to 12th July |
| 3 rd | Display of vacant seats for 3 rd Round | 13th July |
| | Opening of Portal for revision of options/preferences | 13th to 15th July |
| | Merit cum seat allotment (3 rd Round) | 18th July |
| | *Physical Verification of Documents of admitted trainees at ITI Level | 18th to 21th July. |
| | Fee Deposit (After successfully verification fee link is open)/ Seat allotment | 18th July to 22th July. |
| 4th counseling | Display of vacant seats for 4 th Round | 24th July |
| | Opening of Portal for revision of options/preferences | 24th to 26th July |
| | Merit cum seat allotment (4 th Round) | 28th July. |
| | * Physical Verification of Documents of admitted trainees at ITI Level | 28th to 3rd August. |
| | Fee Deposit (After successfully verification fee link is open)/ Seat allotment | 28th to 4th August 2023. |

# दाखिला हिदायतें/निर्देश

सत्र 2023–24 के दाखिला हेतू हिदायते भेजते हुए निर्देश दिये जाते है कि निम्न अनुसार दाखिला कार्यवाही सुनिश्चित करें:–

1. प्रधानाचार्य यह सुनिश्चित करेंगें कि केवल उन्हीं व्यवसायों में दाखिला किया जाये जो निदेशालय द्वारा जारी किये गये है।

2. दाखिला की समाप्ति तक किसी भी प्रधानाचार्य, उप–प्रधानाचार्य, वर्ग अनुदेशक, कार्यालय अधीक्षक को अवकाश पर जाने की अनुमति नहीं होगी। यदि किसी विशेष परिस्थिति में अवकाश लेना भी पड़ता है तो पहले वैकल्पिक व्यवस्था करने उपरांत इसका अनुमोदन निदेशक महोदय से करवाया जाए।

3. प्रार्थियों को सीट अलॉटमैंट बारे **SMS** के माध्यम से सूचित किया जाएगा तथा वे दाखिला पोर्टल पर लॉगिन करने उपरांत अपना प्रोविजनल सीट अलाटमैंट पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। उनके द्वारा आवेदन फार्म में जमा करवाए गए दस्तावेजों की जांच–पड़ताल संबंधित संस्थान (जहां सीट आवंटित हुई है) द्वारा संस्थान स्तर पर की जाएगी। सभी दस्तावेज ठीक पाए जाने उपरांत ही संस्थान द्वारा दाखिला पोर्टल पर वैरीफाई कर प्रार्थी को फीस ऑनलाईन जमा करवाने का लिंक दिया जाएगा। निर्धारित अवधि में फीस ऑनलाईन जमा करवाने उपरांत ही प्रार्थी की सीट कन्फर्म होगी।

4. संस्थान स्तर पर दस्तावेजों की ऑनलाईन जांच–पड़ताल का कार्य एक समयबद्ध कार्य है जो कि एक निश्चित समय अवधि में पूर्ण किया जाना है। अतः प्रत्येक 100–150 स्वीकृत सीटों पर एक दाखिला कमेटी बनाई जाए। दाखिला कमेटियां प्रधानाचार्य की देख–रेख में कार्य करेगीं तथा प्रत्येक कमेटी में कम–से–कम तीन सदस्य लिए जाएं तथा संस्थान के अनुभवी कर्मचारियों को प्राथमिकता देवें। प्रधानाचार्य यह सुनिश्चित करेगें कि दखिला कमेटी हेतु कुछ सदस्यों को रिजर्व में भी रखा जाए ताकि किसी सदस्य की आकस्मिक अनुपस्थिति में भी दाखिले का कार्य सुचारु रूप से चलता रहे।

5. प्रत्येक संस्थान द्वारा दाखिला कमेटियां गठित की जांए जो कि प्रार्थियों द्वारा आवेदन फार्म में अपलोड किए गए प्रमाण पत्रों को मूल प्रमाण पत्रों से मिलान एवं दाखिला हेतू योग्यता की जांच पड़ताल करेंगी जिसके आधार पर प्रार्थी को सीट आवंटित अथवा रद्द की जाएगी। केवल दाखिला पोर्टल पर वैराफाई/दर्ज किया गया दाखिला ही वैध माना जाएगा। मुख्यतः शैक्षणिक योग्यता, आयु, जाति, लिंग, आरक्षण एवं हरियाणा मूल निवासी प्रमाण पत्र (यदि आवश्यकता हो तो) इत्यादि भली–भांति चैक किए जाने है।

6. सभी संस्थान अधिक से अधिक कमेटियां बनाते हुए सीट आवंटन उपरांत प्राप्त हुए आवेदनों को निर्धारित कार्यक्रम के पहले ही दिन वैरीफाई करवाना सुनिश्चित करें ताकि प्रार्थियों को फीस जमा करवाने के लिए ज्यादा समय प्राप्त हो सके।

7. केवल उन्हीं प्रार्थियों को दाखिला अनुमति दी जाए जिनके द्वारा ऑनलाईन जमा करवाए गए दस्तावेज एवं आवेदन फार्म मे भरी गई सूचना मूल प्रमाण पत्रों के अनुसार पूर्ण एवं सही पाई जाती है तथा प्रार्थी संबन्धित व्यवसाय मे दाखिले हेतु सभी योग्यताएं पूर्ण करता हो। दाखिले के लिए जमा करवाई गई फीस **Non-Refundable & Non Adjustable** होगी।

8. सीट आवंटित होने उपरांत यदि छात्र/छात्रा ने दाखिला नहीं लिया तो उसे आगामी दाखिला काउंसलिंग प्रकिया में भाग लेने से वंचित कर दिया जाएगा। यद्यपि यदि छात्र/छात्रा आगामी काउसलिंग में भाग लेना चाहता है तो छात्र को 500 रू व छात्रा को 250 रू जुर्माना राशि आनलाईन भरनी होगी।

9. यदि प्रार्थी द्वारा अपलोड किए गए दस्तावेज, फार्म मे भरी सूचना का मूल प्रमाण पत्रों से मिलान नहीं हो पाता है तो ऐसे आवेदको का सीट आवंटन रद्द कर दिया जाए जिसके बारे कारण सहित सूचना संस्थान अपने लॉगईन में आनलाईन अपडेट करेंगे।

10. पोर्टल पर दाखिले कन्फर्म करते समय छात्र–छात्राओं का नाम, माता का नाम, पिता का नाम, एवं जन्मतिथि इत्यादि को मूल प्रमाण–पत्रों से अवश्य जांच लें ताकि त्रुटिपूर्ण सूचना **NCVT MIS/ERP Portal** पर अपलोड न हो। यदि किसी उम्मीदवार के नाम, पिता के नाम अथवा माता के नाम मे **maximum three characters** तक की गलती है तो जो कि मूल प्रमाण पत्रों से मिलान होने से सही हो सकती है, तो उस उम्मीदवार के आवेदन फार्म को स्वीकार करते हुए किए जाने वाले संशोधन को रजिस्ट्र मे नोट करें ताकि दाखिला प्रक्रिया उपरांत इनका **NCVT MIS Portal** पर डाटा अपलोड करने से पहले संशोधन हो सकें।

11. प्रार्थी द्वारा ऑनलाईन दाखिला फीस जमा करवाने उपरांत उसकी सूचना संबन्धित संस्थान को 48 घंटे के अन्दर दाखिला मॉडयूल पर उपलब्ध करवा दी जाएगी तथा इसके उपरांत स्वतः प्रार्थी का सीट अलॉटमैंट पत्र एवं रजिस्ट्रेशन नंबर पोर्टल के माध्यम से आर्नेलाइन सृजित हो जाएगा।

12. सभी संस्थानों में दाखिला प्रार्थियों की दाखिला फीस केवल आर्नेलाईन ही ली जाएगी।

13. प्रधानाचार्य दाखिला वैरिफीकेशन का पूरा ब्यौरा अपने पास रखेगें कि किस–2 कमेटी द्वारा किस–2 आवेदन फार्म की जांच की गई तथा किस कमेटी द्वारा कितने आवेदनों को अप्रूव व रिजैक्ट किया गया है।

14. सभी संस्थान यह सुनिश्चित करेगें कि किसी भी उम्मीदवार को दाखिला उसकी योग्यता एवं सभी मूल प्रमाण–पत्रों की जांच पड़ताल के बाद ही दिया जाए। यदि दाखिले के पश्चात कोई छात्र अयोग्य पाया जाता है या इससे सम्बन्धित अन्य किसी वाद–विवाद की स्थिति मे सम्बन्धित संस्थान की दाखिला कमेटी तथा संस्थान के मुखिया/संबन्धित दाखिला कमेटी को जिम्मेवार माना जाएगा।

15. सभी सह–शिक्षण संस्थनों मे **Cosmetology** व्यवसाय मे केवल महिलाओ का ही दाखिला होगा।

16. सत्र 2023–24 की नियमित कक्षाओं बारे अलग से सभी संस्थानों का सूचित कर दिया जाएगा।

17. सत्र 2023–24 में दाखिल छात्र/छात्राओं के पहचान पत्र (आई0डी0) एवं रजिस्ट्रेशन नम्बर दाखिला समाप्ति उपरांत ही जनरेट किए जाएगें।

18. सभी संस्थान दाखिला पोटर्ल पर अपना लॉग–इन करने हेतु आई–डी0 एवं पासवर्ड चैक करना सुनिश्चित करें ताकि दाखिला कार्यवाही में किसी प्रकार की रूकावट का सामना न करना पड़े। संस्थान दाखिला पोर्टल पर अपने लॉग इन मे जाकर सीट आवंटन का अवलोकन तथा दाखिले की कार्यवाही कर सकते है। अगर किसी संस्थान में लॉग–इन करते हुए आई–डी0 एवं पासवर्ड में कोई समस्या आ रही है तो वह निदेशालय की ई–मेल admissions1.sdit@gmail.com पर समय रहते अवगत करवाना सुनिश्चित करे। दाखिला प्रक्रिया बारे 'युजर मैनुअल' लागिन में उपलब्ध रहेगा।

उपरोक्त के अतिरिक्त सभी संस्थान दाखिला विवरण–पत्रिका में वर्णित शर्तों, नियम की पालना करना सुनिश्चित करेंगें।